## **भा कृ अनु प – के मा शि सं** द्वारा इंदास, बांकुरा, पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति के किसानों की क्षमता निर्माण पर कार्यशाला - 20 सितंबर, इंदास, बांकुरा

भा कृ अनु प - केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, कोलकाता केंद्र ने 18-20 सितंबर, 2024 के दौरान डॉ. रविशंकर सी.एन., निदेशक/कुलपति, भा कृ अनु प – के मा शि सं के मार्गदर्शन और डॉ. टी.के.
घोषाल, केंद्र प्रमुख, सीआईएफई, कोलकाता केंद्र की देखरेख में इंदास ब्लॉक, बांकुरा, पश्चिम बंगाल के 20 किसानों को शामिल करते हुए "मीठे पानी की जलीय कृषि के आधुनिक तरीकों" पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यकृरम का उद्घाटन इंदास पंचायत समिति के सभापति श्री चंदन रक्षित ने संयुक्त खंड विकास अधिकारी, इंदास ब्लॉक की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षुओं को तालाब की तैयारी, जल गुणवत्ता प्रबंधन, चारा तैयार करने और दिघलग्राम, बांकुरा में एक अच्छी तरह से स्थापित समग्र मछली पालन फार्म के क्षेत्र दौरे के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। किसानों को उनके तालाब में उपयोग के लिए सीआईएफई द्वारा विकसित जल परीक्षण किट दिए गए।

*(Source: ICAR-Central Institute of Fisheries Education, Mumbai)*







